# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2026-27**

**कक्षा:-6** | **विषय: हिंदी पाठ्यपुस्तक** | **पाठ:6 आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस**

**बोलकर**

**(**क) ए०आई० - आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस या कृत्रिम बुद्धिमत्ता है। इसमें किसी कंप्यूटर अथवा यांत्रिकीय उपकरण को इस प्रकार निर्मित करते हैं कि वह मनुष्य को बुद्धि के समान ही कार्य करने में सक्षम हो सके।

(ख) नैरो ए०आई० सीमित कार्य करने में सक्षम होता है, जबकि जनरल ए०आई० मनुष्य की तरह हर क्षेत्र में सोचने समझने की क्षमता रखता है और सुपर ए०आई० वह स्तर है जहाँ ए०आई० की क्षमता इंसानों से भी अधिक हो जाती है।

(ग) ए०आई० का प्रयोग शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, व्यवसाय हर क्षेत्र में हो रहा है।

(घ) ए०आई० एक क्रांतिकारी तकनीक है आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह बदल सकती है। यह शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विज्ञान, सुरक्षा, अमन रंजन जैसे सभी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसके द्वारा उत्पादन क्षमता में वृद्धि, त्रुटियों को कम करना, मानव श्रम शक्ति, परिशुद्धता आदि की दृष्टि से हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

**लिखकर (लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर-)**

(क) कृत्रिम बुद्धिमत्ता मशीनी शिक्षा, गहन शिक्षा, सामान्य भाषा संसाधन, कंप्यूटर शिक्षा आदि के माध्यम से काम करती है।

(ख) शिक्षा के क्षेत्र में ए०आई० आधारित एप्स से छात्रों की व्यक्तिगत रूप से सीखने की जरूरतें पूरी होती हैं। वही चिकित्सा के क्षेत्र में ए०आई० रोगों की पहचान करने में मदद करता है।

(ग) ए०आई० तकनीकों के नाम हैं नैरो ए०आई०, जनरल ए०आई०, सुपर ए०आई०। यह मनुष्य की तरह हर क्षेत्र में सोचने और समझने की क्षमता रखता है। सुपर ए०आई० की क्षमता इंसानों से भी अधिक हो जाती है। यह अभी केवल कल्पना में है, लेकिन भविष्य में यह हकीकत बन सकता है।

(घ) ए०आई० के शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा, मनोरंजन जैसे सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण लाभ हैं। हालांकि इसके कुछ खतरे भी हैं और चुनौतियाँ भी हैं, जैसे यह मनुष्य पर पूरी तरह हावी होता जा रहा है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर**

(ख) रोबोट शिक्षक के लाभ यह हैं कि वह हर कार्य बड़ी सरलता और सुगमता से कर सकते हैं, क्योंकि उनकी मशीन में हर चीज़ फीड होगी, लेकिन नुकसान यह हैं कि वह छात्र की मनोभूमि को नहीं समझ सकते और जिस तरह एक अध्यापक छात्र के मनोभाव के धरातल पर उतरकर उससे आत्मीय संबंध बनाता है, उसमें भी रोबोट शिक्षक असफल सिद्ध हो सकते हैं।

(घ) हम ए०आई० से स्वास्थ्य के क्षेत्र में नया उपकरण बनना चाहेंगे। एक ऐसा उपकरण बनाना चाहेंगे जिससे कि रोगों की पहचान उसके शुरू होने से पहले ही हो सके, जिससे शरीर में वह पनपने ना पाए और मनुष्य स्वस्थ रह सके।

**पठित गद्यांश**

(क) कृत्रिम बुद्धिमत्ता को गद्यांश में एक क्रांतिकारी तकनीक कहा गया है, क्योंकि यह आने वाले समय में हमारी दुनिया को पूरी तरह बदल सकती है।

(ख) कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विज्ञान, सुरक्षा, मनोरंजन जैसे सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

(ग) यदि इस तकनीक का सोच समझकर समझदारी से उपयोग किया जाए तो यह मानव जीवन को बेहतर बन सकती है।

(घ) मानव - मनुष्य, इंसान।